07.10.2023 आकाशवाणी भोपाल 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

दीनदयाल रसोई योजना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट सिटी पार्क में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत चलित रसोई केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई भी गरीब भूखे पेट न सोए, इसके लिए हम संकल्पित हैं। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत आज हमने चलित रसोई केंद्रों का शुभारंभ किया है। अब किसी भी गरीब भाई–बहन को भोजन के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा आप जहां होंगे खाना वहीं पहुंचेगा और गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए आपको सिर्फ ₹5 देने होंगे। इस योजना में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम इंदौर में 4, भोपाल में 3 तथा जबलपुर एवं ग्वालियर में 2–2 चलित रसोई केन्द्र शुरू किये गए हैं। शेष 12 नगरपालिक निगमों सहित पीथमपुर और मण्डीदीप नगरीय निकाय में एक–एक चलित रसोई केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 फरवरी 2017 को दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। प्रदेश में कुल 166 रसोई केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों में 5 रूपये प्रति थाली की दर से सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक भोजन का वितरण किया जाता है।

दो हजार नोट

दो हजार रुपए के नोट को बैंक में जमा करने या इसे दूसरे नोट से बदलने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद बैंक इन नोटों को नहीं लेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि 96 प्रतिशत से ज्यादा 2000 रुपए के नोट बैंक में वापस आ गए हैं। अब भी लगभग 12 हजार करोड़ रुपए के 2000 के नोटों का वापस आना बाकी है। गौरतलब है कि RBI ने 19 मई को 2000 के नोट को सर्कुलेशन से बाहर करने की घोषणा की थी। उस दौरान 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट सर्कुलेशन में थे।

प्रधानमंत्री–100 पदक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। उन्होंने कहा कि हर असाधारण प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और भारतीयों में गर्व की भावना पैदा की है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी बधाई देते हुए नई दिल्ली में संवाददाओं से कहा कि ये एथलीट भावी खिलाडियों के लिए प्रेरणा–स्रोत बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय एथलीटों ने एशियाई खेलों के 72 वर्ष के इतिहास के कई विश्व रिकॉर्डों को तोड़ दिया है और नए रिकॉर्ड बनाए हैं।

वित्तमंत्री

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में, वस्तु और सेवा कर जी.एस.टी परिषद की 52वीं बैठक नई दिल्ली आयोजित की जा रही है। बैठक में, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री तथा केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बंग्लादेश ने अफगानिस्तान के साथ पहले खेलते हुए 157 रन का लक्ष्य दिया है। आज इस प्रतियोगिता का एक अन्य मैच नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला जा रहा है। कल प्रतियोगिता के पहले मैच में, पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 81 रन से हरा दिया।

समाचार संक्षेप में.....................

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय वन्य–प्राणी सप्ताह का समापन समारोह आज वन विहार राष्ट्रीय उद्यान–जू–भोपाल की विहार वीथिका में आयोजित किया गया है।
- शिवपुरी की कोतवाली पुलिस ने कल एक छापामार कार्यवाही करते हुए ऐसे दो लोगों का गिरफ्तार किया है। जो लोगों के फर्जी तरीके आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनाते थे।
- टीकमगढ जिले में आगामी विधानसभा चुनाव और त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।
- ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत आगरमालवा जिले के चादनगाँव में चौथी एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यो तथा तकनीकी पहलुओ की जानकारी दी गई।
- बैतूल जिले के शाहपुर विकासखंड ग्राम पंचायत शीतलझिरी में माचना नदी पर बनने वाले शीतलझिरी जलाशय को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है।